जैव विविधता पर सीओपी की बैठक संपन्न

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के सीओपी 16 का जैव विविधता शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ है। बैठक में हुई वार्ता पर कुछ बिंदु-

- जैव विविधता से समृद्ध विकासशील देशों से अनुवांशिक संसाधनों के उपयोग के लिए फार्मा, सौंदर्य प्रसाधन और खाद्य कंपनियां भुगतान करें।

- जैव विविधता सीओपी पर सलाह देने के लिए स्वदेशी लोगों के लिए एक स्थायी निकाय का निर्माण किया जाए।

- पिछली जैव विविधता वार्ता में 2030 तक सालाना 200 अरब डॉलर जुटाने और वितरित करने के लक्ष्य पर बातचीत की गई थी।

- भारत और अन्य विकासशील देशों ने सुनिश्चित किया है कि संसाधनों तक पहुँच और उनसे लाभ साझा करने के राष्ट्रीय कानूनों को दरकिनार न किया जाए।

कैली में संपन्न इस बैठक से भारत जैसे जैव विविधता से समृद्ध विकासशील देशों को संसाधनों के संरक्षण और उचित उपयोग के लिए तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रेरित होना चाहिए।

'द इकॉनॉमिक टाइम्स' में प्रकाशित संपादकीय पर आधारित। 4 अक्टूबर, 2024